संविधान दिवस उत्सव-2022 की रिपोर्ट

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई ने आज दिनाँक: 26/11/2022 को संविधान दिवस उत्सव-2022 को बड़े उत्साह से मनाया. राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवक सरस्वती ने मंच-संचालन करते हुए कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की. कार्यक्रम अधिकारी, निर्णायक शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों ने दीप प्रज्ज्वलन किया. आज की वार्ता का विषय था “भारतीय संविधान के संवैधानिक मूल्य एवं मूल सिद्धांत”. इस वार्ता में छ विद्यार्थियों ने भाग लिया. कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य द्वारा संविधान की उद्देशिका का पाठ किया गया जिसे सभागार में उपस्थित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, अन्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने दोहराया. कार्यक्रम अधिकारी ने सभागार में उपस्थित सभी सम्मानित व्यक्तियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए संविधान एवं विवेच्य विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में फोटो खीचने का कार्य भूपेश पटेल ने किया. विद्यार्थी चिराग सेन ने पीपीटी के माध्यम से अपनी बात रखी.



Shahabuddin

डॉ. शहाबुद्दीन,
कार्यक्रम अधिकारी
(राष्ट्रीय सेवा योजना)

Programme Officer
NSS Unit,
Dr. APJ Abdul Kalam Govt. College,
Dokmardi